Class - IV
Subject - HINDI
पाठ – 6 भाग्य और बुद्धि

1. शब्दार्थ :–

आनंदपूर्वक	–	खुशी से
श्रेष्ठ	–	अच्छा
समृद्ध	–	धनी, संपन्न
आभूषण	–	गहने, जेवर
गर्व	–	घमंड
मस्तिष्क	–	दिमाग
रंक	–	गरीब
विश्राम	–	आराम
विश्वस्त	–	भरोसा करने योग्य
निपुण	–	चतुर
राजसी	–	राजाओं जैसा
सज्जित	–	सजा हुआ

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।

क. भेड़ें किसके पीछे चल रहीं थीं?

उत्तर भेड़ें गड़रिये के पीछे चल रहीं थीं।

ख. गड़रिये को रास्ते में क्या मिला?

उत्तर गड़रिये को रास्ते में हीरे–जवाहरात से जुड़ी हुई जूतियाँ मिलीं।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. भाग्य और बुद्धि में किस बात पर बहस हो रहीं थी?

उत्तर भाग्य और बुद्धि में स्वयं को श्रेष्ठ साबित करने की बात पर बहस हो रहीं थी।

ख. राजा के पूछने पर व्यापारी ने जूतियों के बारे में क्या बताया?

उत्तर राजा के पूछने पर व्यापारी ने जूतियों के बारे में बताया, "ये जूतियाँ एक देश के राजकुमार ने मुझे भेंट में दी थीं। मैंने इन्हें आपके योग्य समझा इसलिए यह आपको भेंट कर दीं।"

ग. व्यापारी रास्ते में क्या सोचता हुआ आया?

उत्तर व्यापारी रास्ते में सोचता हुआ आया – गड़रिया देखने में सुंदर लगता है। राजसी वस्त्र–आभूषणों से सज्जित होने पर वह राजकुमार–सा लगेगा। राजा का कोई पुत्र नहीं है। राजकुमारी से विवाह करने के बाद पूरे देश का राजपाठ गड़रिये को मिल जाएगा। इस प्रकार मुझे भी कुछ न कुछ लाभ अवश्य होगा।

घ. गड़रिये ने रात होते ही क्या करने की ठानी?

उत्तर गड़रिये ने रात होते ही खिड़की से कूदकर भागने की ठानी।

4. रिक्त स्थान भरिए।

क. भाग्य ने बुद्धि की चुनौती स्वीकार कर ली।

ख. गड़रिये को रास्ते में हीरे–जवाहरात से जड़ी हुई जूतियाँ मिलीं।

ग. व्यापारी ने वह जूतियाँ राजा को भेंट स्वरूप दे दीं।

घ. राजा ने बड़ी धूम–धाम के साथ अपनी बेटी का विवाह गड़रिये के साथ कर दिया।

5. सही वाक्य के आगे सत्य तथा गलत वाक्य के आगे असत्य लिखिए।

क.	गड़रिये के पीछे–पीछे भेड़ें चल रही थीं।	सत्य
ख.	गड़रिये को रास्ते में पुस्तके मिलीं।	असत्य
ग.	राजा ने अपनी बेटी का विवाह एक धोबी से कर दिया।	असत्य
घ.	भाग्य ने अपनी हार मान ली।	सत्य
ङ	गड़रिया राजकुमारी के साथ आनंदपूर्वक रहने लगा।	सत्य

6. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. गड़रिया क्या बजाता हुआ जा रहा था?

सींटी बिगुल बाँसुरी

उत्तर बाँसुरी

ख. राजा शब्द का विलोम शब्द कौन–सा है?

रानी राज्य रंक

उत्तर रंक

ग. व्यापारी गड़रिये को क्या बनाने के लिए ले जा रहा था?

राजा दुल्हहा नौकर

उत्तर राजा